# यह दीवाली सुरक्षित रूप से मनाएं

ब्रैम्पटन, ओनटैरियो (11 अक्तूबर, 2022) – सिटी ऑफ ब्रैम्पटन, निवासियों को याद दिलाती है कि वे सोमवार, 24 अक्तूबर को दीवाली (Diwali) के अवसर पर, पटाखे चलाते समय सुरक्षित रहने के महत्व को समझें। कम्युनिटी में कई लोग इस दिन बंदी छोड़ दिवस (Bandi Chhor Diwas) भी मनाते हैं।

दीवाली, साल में उन चार दिनों में से एक है, जब ब्रैम्पटन में परमिट की जरूरत के बिना, निजी प्रॉपर्टी पर छोटी-रेंज के पटाखों की अनुमति होती है। बाइ-लॉ के अंतर्गत, विक्टोरिया डे (Victoria Day), कैनेडा डे (Canada Day) और नववर्ष (New Year's Eve) को भी पटाखे चलाने की अनुमति होती है।

छोटी-रेंज के पटाखे ऐसे पटाखे हैं, जो चलाए जाने पर 3 मीटर (10 फुट) से कम दूरी तक जाते हैं (उदाहरण के लिए, अनार, चक्कर, ज़मीनी चक्कर, फुलझड़ियां)। मोटे तौर पर ये ब्रैम्पटन ट्रांज़िट (Brampton Transit) की बस या बास्केटबॉल हूप की ऊंचाई जितने होते हैं।

अन्य सभी रॉकेट किस्म में पटाखों पर ब्रैम्पटन में पाबंदी है। सिटी निवासियों को याद दिलाती है कि गली में, साइडवॉक्स पर, सिटी के पार्कों के अंदर या म्युनिसिपल या स्कूल की प्रॉपर्टीज पर, पटाखे चलाने की अनुमति नहीं है।

निजी प्रॉपर्टी पर छोटी-रेंज़ के पटाखे चलाते समय, निवासियों के लिए इन सुरक्षा सावधानियों का पालन करना आवश्यक है:

- अपने पास पानी का कंटेनर या पानी से भरी कोई होज़ लाइन रखें, जो पटाखे बुझाने के लिए उपलब्ध हो।
- फुलझड़ियों के अलावा, कभी भी पटाखों को अपने हाथों में पकड़कर न चलाएं या जलते हुए पटाखों को हाथ में न पकड़ें।
- कभी भी पटाखों को अन्य लोगों पर न फेंकें या उनकी तरफ करके न चलाएं।
- फुलझड़ियां चलाने के बाद, उनका निपटारा करने से पहले, पूरी तरह से ठंडा होने के लिए उन्हें पानी के कंटेनर में डाल दें।
- सभी पटाखों का निपटारा करने से पहले, उन्हें पूरी तरह से ठंडा होने दें।

जिन विक्रेताओं की दीवाली और 31 दिसम्बर को नववर्ष की शाम के लिए पटाखे बेचने की योजना है, उन्हें याद दिलाया जाता है कि ट्रेनिंग जरूरी है और विक्रेताओं को लाइसेंसधारी होने से पहले ट्रेनिंग कोर्स पूरा करना आवश्यक है। जिन विक्रेताओं ने पहले ही फायर इंस्पेक्शन प्राप्त और ट्रेनिंग कोर्स पूरा कर लिया है, उनके लिए, लाइसेंस लेने या नवीनीकरण के लिए ऑनलाइन (online to obtain or renew a licence) आवेदन करना आवश्यक है। मंज़ूरी मिलने पर, लाइसेंस, 17 अक्तूबर से शुरू करते हुए, सिटी हॉल, 2 वेलिंग्टन स्ट्रीट वेस्ट (City Hall, 2 Wellington St W) से लिया जा सकता है।

सिटी निवासियों को सलाह देती है कि लाइसेंसधारी रिटेलर्स से ही पटाखे खरीदें। ब्रैम्पटन में रजिस्टर्ड पटाखा रिटेलर्स की सूची, सिटी की वेबसाइट पर उपलब्ध होगी।

पटाखों से सुरक्षा और बाइ-लॉज के बारे में अधिक जानकारी के लिए, www.brampton.ca/fireworks पर जाएं।

**एडवांस वोटिंग**

आपको याद दिलाया जाता है कि, 2022 के ब्रैम्पटन म्युनिसिपल और स्कूल बोर्ड चुनाव (2022 Brampton Municipal and School Board Election) के लिए वोटिंग डे (Voting Day), 24 अक्तूबर को है। ब्रैम्पटन के मतदाताओं के लिए, एडवांस वोटिंग, दीवाली और बंदी छोड़ दिवस (Bandi Chhor Divas) से पहले, 14 और 15 अक्तूबर को हो रही है। अधिक जानकारी, यहां (here) पर लें।

-30-

**मीडिया संपर्क**
सिटी ऑफ ब्रैम्पटन मल्टीकल्चरल मीडिया
multiculturalmedia@brampton.ca